# लोक शिक्षण संचालनालय
# गौतम नगर, भोपाल–462023

ई–मेल cmrisedpi@gmail.com

क्र./सीएम राइज़/सुरक्षा एवं सफाई/2022/PMU/480 भोपाल, दिनांक 31/03/2022

प्रति,

प्राचार्य, शा.उमावि. मालव कन्या इंदौर, शा.शारदा उत्कृष्ट उमावि. शुजालपुर, शा.कन्या उमावि. बरखेड़ी जहांगीराबाद, शा.उमावि. महात्मा गांधी भेल, शा. बालक उमावि. औबेदुल्लागंज, शा.मॉडल उमावि.–मऊ, मनासा, हरसूद, आगर, देवास, सैलाना, अशोक नगर, गुना, मुरार, शिवपुरी, श्योपुर, कटनी, बिछिया, रामपुर नैकिन, पुष्पराजगढ़, करकेली, नौगांव, सिविल वार्ड दमोह, पृथ्वीपुर एवं पन्ना।

विषयः सीएम राइज़ अन्तर्गत प्रथम चरण में चयनित 275 विद्यालयों में से अच्छी अधोसंरचना वाले 25 विद्यालयों को सर्व–संसाधन संपन्न बनाने हेतु अप्रैल माह में किये जाने वाले कार्य।

–00–

सीएम राइज़ स्कूल योजनान्तर्गत प्रथम चरण में चयनित 275 विद्यालयों में से ऐसे 25 विद्यालय जिनमें वर्तमान में अच्छी अधोसरंचना उपलब्ध है, को वर्तमान शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ से ही सर्व संसाधन सम्पन्न विद्यालय के रूप में विकसित किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत आपके विद्यालय का चयन किया गया है।

अतएव आपके विद्यालय में अप्रैल 2022 में प्राथमिकता के आधार पर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में निम्नानुसार निर्देश प्रदान किये जाते हैं –

1. <u>अधोसंरचना के संबंध में</u> –

1.1 आपके विद्यालय में आवश्यक मरम्मत, रंग–रोगन एवं अधोसंरचना विस्तार हेतु ऐजेंसी म.प्र.पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम निर्धारित की गई है। संबंधित ऐजेंसी को आवश्यकता अनुसार बजट संचालनालय से जारी किया जा चुका है।

1.2 निर्माण ऐजेंसी द्वारा अप्रैल माह में डीपीआर अनुसार कार्य प्रारंभ किया जाएगा। अतएव अपने विद्यालय के अधोसंरचना विकास,मरमम्त रंग रोगन आदि का कार्य अपनी देखरेख में करवायें एवं यह सुनिश्चित करें की संपूर्ण कार्य डीपीआर के अनुसार किया गया है।

2. <u>स्मार्ट डिजिटल कक्षा कक्ष तैयार करने के संबंध में</u> –

2.1 शासन स्तर पर अच्छी अधोसंरचना वाले चयनित 25 विद्यालयों में स्मार्ट डिजिटल कक्षा कक्ष तैयार करने के उद्धेश्य से प्रत्येक विद्यालय में 07 इन्टरेक्टिव पैनल व 02 स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

ATKW

2.2 इन्टरेक्टिव पैनल कक्षा 6 से 12 तक प्रत्येक कक्षा के लिए एक रखा गया है एवं स्मार्ट टीवी पूर्व प्राथमिक व प्राथमिक विंग हेतु एक–एक रखा गया है, जिन स्कूलों में पूर्व प्राथमिक विंग नहीं है वे एक टीवी का उपयोग कक्षा 5 में एवं दूसरे टीवी का उपयोग शेष कक्षाओं में करेंगे।

2.3 यदि आपके कैम्पस में कक्षा 1 से 12 तक कक्षाएं संचालित है तो टीवी इन्स्टॉलेशन अपने विद्यालय में करावे अन्यथा उस स्कूल में करावें जिनका चयन कैम्पस स्कूल के लिए किया गया है।

2.4 आपके विद्यालय में जैम पोर्टल से चयनित प्रदायकर्ता फर्मों द्वारा 07 इन्टरेक्टिव पैनल व 02 स्मार्ट टीवी अप्रैल माह के प्रथम–द्वितीय सप्ताह में उपलब्ध कराया जाकर इनका इन्स्टॉलेशन कराया जायेगा।

2.5 उक्त सामग्रियों के इन्स्टॉलेशन हेतु उपयुक्त कक्षा–कक्ष का चयन कर इनमें विद्युत प्रदाय एवं स्विच बोर्ड आदि की व्यवस्था 05 अप्रैल 2022 तक अनिवार्यतः पूर्ण कर लेवे।

2.6 सामग्रियों का इन्स्टॉलेशन अपनी देखरेख में करवाये एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों को इनके उपयोग संबंधी जानकारी का डिमॉस्ट्रेशन/प्रशिक्षण इन्स्टॉलेशन के दौरान उपस्थित प्रदायकर्ता एजेंसी के इंजीनियर के माध्यम से अनिवार्यतः करवायें।

3. <u>विद्यालय के महत्वपूर्ण उपकरणों के लिए बाधारहित विद्युत प्रदाय व्यवस्था</u> –

3.1 विद्यालय में संधारित होने वाले इन्टरेक्टिव पैनल, टीवी, कम्प्यूटर आदि के लिए 5 केवीए का ऑनलाइन यूपीएस आपके विद्यालय में उपलब्ध कराया गया है। प्रदायकर्ता फर्म द्वारा इसका इन्स्टॉलेशन भी अप्रैल माह के प्रथम–द्वितीय सप्ताह में किया जावेगा। अतएव यूपीएस इन्स्टॉलेशन के पूर्व निम्न व्यवस्थाएं दिनांक 05 अप्रैल 2022 तक अनिवार्यतः पूर्ण करें –

– इनपुट हेतु 16एमपीए का पॉवर साकेट लगवाये।
– उन कक्षों में वायॅरिंग करवाये जिनके उपकरणों को यूपीएस से कनेक्ट करना है।
– अर्थिंग विधिवत् रूप से की गई हो, यह भी सुनिश्चित करें।

4. <u>विद्यालयों की साफ–सफाई एवं सुरक्षा के संबंध में</u> –

4.1 आपके विद्यालय में साफ–सफाई एवं सुरक्षा हेतु 04 सफाईकर्मी एवं 06 सुरक्षागार्ड की व्यवस्था करने का दायित्व एमपी. कॉन लिमिटेड भोपाल को सौंपा गया हैं।

4.2 एमपी कॉन भोपाल द्वारा 01 अप्रैल 2022 से उक्त संख्या अनुसार सफाईकर्मी एवं सुरक्षाकर्मी आपके विद्यालय में उपलब्ध कराये जाएंगे। यदि आपके स्कूल के अतिरिक्त कैम्पस 2/3 भी चिन्हित है तो इन कैम्पस में सफाईकर्मी एवं सुरक्षा गार्ड का समुचित वितरण इस तरह करें कि कैम्पस स्कूल भी हमेशा साफ–सुथरे रहें एवं इनमें सुरक्षा की व्यवस्था हो।

AKW

4.3 सुरक्षा एवं साफ–सफाई का कार्य संलग्न जॉब चार्ट अनुसार कराया जावे।

4.4 एमपी कॉन लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराये गये सुरक्षाकर्मी एवं सफाईकर्मियों से संबंधित कोई भी पत्राचार/व्हाट्सएप/दूरभाष पर लोक शिक्षण संचालनालय से नहीं किया जावें। इनसे संबंधित समस्याएं/सुझाव एमपी कॉन लिमिटेड भोपाल के दूरभाष क्रमांक 0755–4237403 अथवा मोबाइल/व्हाट्सएप क्रमांक 9425007656 या ई–मेल mpconltd@mpconsultancy.org पर सूचित करें।

कृपया यह कार्य समयसीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार

(अभय वर्मा)
आयुक्त,
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश

पृ. क्र./अपर संचा./सीएम राइज़/2022/PMU/481 भोपाल, दिनांक 31/03/2022

प्रतिलिपि –

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, वल्लभ भवन भोपाल।
2. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल।
3. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण म.प्र.।
4. मुख्य प्रबंधक, एम.पी. कॉन लिमिटेड, श्यामला हिल्स भोपाल।
5. जिला शिक्षा अधिकारी संबंधित जिले म.प्र.।

आयुक्त,
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश